**भारत सरकार** **लोक सभा**

**वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्रालय** **अतारांकित प्रश्न सं. 3763**

**(वाणिज्य विभाग)**

**<u>दिनांक 12 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**निर्यात दिशा पहल**

**3763.** श्रीमती स्मिता उदय वाघः
श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः
श्री खगेन मुर्मुः

क्या वाणिज्य और उद्‌योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने "अंतर्राष्ट्रीय समग्र बाजार पहुँच को बढ़ावा देना" (निर्यात दिशा) पहल के शुरुआत से इसके परिचालन की प्रभावशीलता और बाजार तक पहुँच क्षमता का कोई मूल्यांकन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; साथ ही इस पहल की प्रमुख उपलब्धियाँ क्या हैं और ऐसे विशिष्ट उदाहरण क्या हैं जहाँ इसने भारतीय व्यवसायों, विशेषकर एमएसएमई को महाराष्ट्र के उदाहरणों सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करने और निर्यात को बढ़ावा देने में सक्षम बनाया है;

(ग) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और रियल-टाइम ट्रेड इंटेलिजेंस सिस्टम जैसी उन्नत तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से निर्यात दिशा की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे है;

(घ) जलगाँव लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यवसायों सहित इस पहल के तहत लाभान्वित हुए व्यवसायों की कुल संख्या कितनी है, और इसके लिए किस प्रकार की बाजार पहुँच सहायता प्रदान की गई है; और

(ङ) डेटा निजता सुनिश्चित करने, व्यापार-संबंधी जानकारी के दुरुपयोग को रोकने और निर्यातकों के व्यावसायिक डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए क्या सुरक्षा उपाय मौजूद हैं ?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्‌योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ड.)** निर्यात दिशा**,** प्रस्तावित निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) स्कीम के अंतर्गत एक उप-स्कीम है, जो वर्तमान में प्रस्ताव के चरण में है और अभी तक औपचारिक रूप से शुरू नहीं हुई है। अत: परिचालन प्रभावशीलता और बाज़ार पहुँच क्षमता के संबंध में इसके मूल्यांकन का प्रश्न नहीं उठता।

*****